# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

15 सितंबर 2025, अश्विन कृष्ण पक्ष, नवमी, विक्रम संवत 2082, बरेली


**PAGE NO : 05 TOP**



वाद-विवाद प्रतियोगिता में एसआर इंटरनेशनल के अथर्व ने जीता पहला पुरस्कार।

## एसआर के अथर्व वाद-विवाद में प्रथम

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में एसआर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का विषय 'सोशल मीडिया के प्रयोग की न्यूनतम आयु सीमा होनी चाहिए' था। इसमें 11वीं के छात्र अथर्व अग्रवाल ने पक्ष में बोलते हुए शानदार तर्क प्रस्तुत किए और प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 11वीं की ही छात्रा सांची कोहली ने विपक्ष में प्रभावी प्रस्तुति दी और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर अपनी राय रखी। निर्णायक मंडल ने एसआर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की और उनके आत्मविश्वास की प्रशंसा की। विद्यालय की एमडी रूमा गोयल, प्रिंसिपल अमित रोनाल्ड चौहान और कोऑर्डिनेटर शुभा पांडेय ने विजेताओं को बधाई दी।